**ICAI की CIRC के कोटा शाखा के कार्यालय भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधन**

**-----**

- आज ICAI की कोटा शाखा के कार्यालय भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। अभी कुछ ही दिन पहले आपके साथ मैं राष्ट्रीय टैक्स सम्मेलन कार्यक्रम में जुड़ा था। मुझे आशा है कि आपका वह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा होगा।

- विश्व की सबसे उत्कृष्ट अकाउंटिंग संस्थाओं में से एक ICAI का स्थापना दिवस हमने हाल ही में 'CA दिवस' के रूप में मनाया है। ICAI ने अपनी स्थापना के समय से ही देश के आर्थिक विकास तथा आर्थिक नवनिर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभायी है। इस संस्था को और अधिक सशक्त करने की आवश्यकता है ताकि आने वाले समय में यह देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत कर सके।

- आज आपके इस भवन का शिलान्यास करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जब इस भवन का निर्माण सम्पन्न हो जाएगा तो पूरे कोटा क्षेत्र में रह रहे लगभग 1500 चार्टर्ड अकाउंटेंट साथी अधिक सुविधा से अपना कार्य कर पाएंगे।

- ICAI की कोटा शाखा की स्थापना के 36 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। अपनी स्थापना के समय से ही इस शाखा ने अपने उत्कृष्ट कार्यों से अपनी प्रतिष्ठा में लगातार वृद्धि की है। अब समय आ गया है कि आपका अपना भवन हो ताकि आप और अधिक निष्ठा तथा संकल्प के साथ कार्य करें।

- मुझे बताया गया है कि भवन का निर्माण कार्य लगभग 15 से 18 महीने में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मेरी शुभेच्छा है कि भवन का निर्माण कार्य बिना किसी विघ्न बाधा के समय पर सम्पन्न हो तथा आप इस नए भवन से अपना कार्य शीघ्र ही आरंभ करें। यदि आपको मुझसे कोई सहयोग वांछित हो तो मैं आपकी सहायता के लिए तत्पर रहूँगा।

- ICAI की स्थापना आज से 72 वर्ष पूर्व हुई थी। उस समय हमारे देश के सामने अपनी राजव्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था के नव-निर्माण की बहुत बड़ी चुनौती थी। परंतु हमने एकता और सामूहिकता की भावना से कार्य किया और धीरे धीरे सबके सहयोग से देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था भी मजबूत हुई एवं आर्थिक व्यवस्था भी सशक्त हुई।

- आज हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं है बल्कि हम विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। वर्ष 2050 तक हम विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यह विकास इसीलिए संभव हो सका है कि देश के नागरिकों तथा सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं ने प्रतिबद्धता से कार्य किया है।

- साथियो, देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट की भूमिका तीन स्तरों पर होती है। आप लेखा परीक्षा, कराधान और वित्तीय योजना के स्तर पर अपना अप्रतिम योगदान देते हैं।

- सरकार राजस्व संग्रह और व्यापार करने में आसानी के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ मिलकर काम करती है। सरकार और करदाताओं के बीच CA एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभाते हैं।

- चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनियों के वित्तीय नियोजन में मदद करते हैं। वे राष्ट्र की आवश्यकताओं तथा अपनी कंपनियों के विकास की संभावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करते हुए भविष्य का मार्ग निकालते हैं। सरकार अपनी कर योजनाओं के माध्यम से देश के संतुलित विकास की रूपरेखा बनाती है। आपकी भूमिका है कि आप इन योजनाओं के बारे में अपनी कंपनियों को सूचित करें।

- आप उन संभावनाओं का पता लगाएं कि सरकार की योजनाएं आपकी कंपनियों के लिए कितनी लाभदायक है। आपके विवेकपूर्ण सुझावों से आपकी कंपनियों तथा देश दोनों को ही लाभ मिलता है तथा देश की अर्थव्यवस्था का स्थाई विकास सुनिश्चित होता है।

- साथियों, कोरोना वैश्विक महामारी ने पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सभी राष्ट्र कोरोना से बचाव तथा राष्ट्र के विकास के बीच एक संतुलित मार्ग का निर्धारण कर रहे हैं। कोरोना से बचाव भी आवश्यक है परंतु देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाना आवश्यक है।

- पिछले वर्ष लंबे लॉकडाउन के कारण अर्थव्यवस्था को हानि हुई थी, पर हम धीरे-धीरे उस स्थिति से बाहर निकल रहे हैं। देश को कोरोना की चुनौती से सशक्त रूप से बाहर निकालने में आपकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है।

- मित्रों, हर संकट अपने अंदर एक अवसर भी लेकर आता है। कोरोना ने कई उद्योगों को बुरी तरह प्रभावित किया है पर इसने कई नए अवसर भी उत्पन्न किए हैं। इन अवसरों के बारे में आप अपने clients को बताएं, उन्हें सही जानकारी दें ताकि वे विकास के नए अवसरों को तलाश पाएं और उनमें निवेश कर पाएं।

- आप उन्हें ऐसे sectors की जानकारी दें जो रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करता है। आपको ध्यान रखना चाहिए कि आपकी निष्ठा आपके clients के साथ-साथ देश के प्रति भी है। आप उन sectors को प्राथमिकता दें जो समाज के सभी वर्गों के विकास को सुनिश्चित करता हो।

- MSME सेक्टर देश के विकास के लिए सबसे आवश्यक है। यह सेक्टर देश के विभिन्न भागों में सक्रिय है तथा रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में अग्रणी भी है। यह sector लगभग 7 करोड़ व्यक्तियों को रोजगार दे रहा है तथा औद्योगिक उत्पादन एवं निर्यात में उल्लेखनीय भूमिका भी निभा रहा है।

- MSME सेक्टर आपकी प्रोफेशनल सलाह से और अधिक वृद्धि कर सकता है। बहुत सी MSME इकाईयां ऐसी होती हैं जो वित्तीय संसाधनों के अभाव में आपकी सलाह से वंचित रह जाती हैं। आपको कोई ऐसा मार्ग निकालना चाहिए कि वे आपके सुझावों का लाभ बिना अधिक वित्तीय बोझ के प्राप्त कर सकें।

- साथियो, **ICAI** ने अपने 7 दशकों से अधिक के कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संस्थान ने फाइनेंशियल रिर्पोटिंग के साथ-साथ एथिकल प्रैक्टिस के लिए मानकों को निर्धारित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

- कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रथाओं के ट्रस्टी के रूप में भी इस संस्थान को काफी प्रसिद्धि मिली है। आज अपनी उत्कृष्टता के लिए ICAI न सिर्फ भारत में बल्कि पूरे विश्व में जाना जाता है।

- आज चार्टर्ड अकाउंटेंट्स न केवल वित्त और लेखा के मामलों में व्यावसायिक संगठनों की रीढ हैं बल्कि व्यवसाय सलाहकार, रणनीतिकार और अग्रणी प्रशासकों के रूप में भी प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। आप सब अर्थव्यवस्था और व्यापार के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी प्रबंधकों के रूप में भी योगदान दे रहे हैं।

- साथियो, मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई है कि कार्यालय परिसर में एक अत्याधुनिक पुस्तकालय की भी व्यवस्था की गई है। भवन परिसर में एक अलग पुस्तकालय होने से छात्रों को CA की पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। आप भी अपने ज्ञान को यहाँ समृद्ध कर सकते हैं तथा चार्टर्ड Accountancy के नए पहलुओं से परिचित हो सकते हैं।

- साथियो, भवन निर्माण के क्षेत्र में भी कई उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आप सब जानते हैं कि नया संसद भवन बन रहा है जिसका भूमि पूजन माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा हुआ था। हम इस भवन को नए भारत की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप बनाना चाहते हैं।

- मैं आशा करता हूं कि आपका यह नया कार्यालय परिसर एक 'हरित भवन' होगा। आप न्यूनतम कार्बन फुटप्रिंट का प्रयास करेंगे और आसपास हरियाली का भी ध्यान रखेंगे। यानी शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का आदर्श कार्य एक साथ संपन्न होगा।

- मैं CIRC की कोटा शाखा को उनके कार्यालय भवन के सफल निर्माण की शुभकामनाएं देता हूं। कोटा शिक्षा की काशी के रूप में जाना जाता है। मेरी शुभकामना है कि आने वाले समय में कोटा अपने ICAI भवन के लिए भी जाना जाए। सभी CA प्रोफेशनल और छात्र इसकी उपयोगिता का लाभ उठाएं। आपकी कोटा शाखा भविष्य में और भी उपलब्धियां हासिल करें, ऐसी मेरी मंगल कामना है।

जय हिंद।

------